एसाइड मार्गनिर्देश

12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17)

राज्य सेल

कमरा संख्या 524बी, उद्योग भवन, वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली

टेलीफोनः (011)-23062261 ईपीएबीएक्सः 534; ई-मेलः moc_states@nic.in

फैक्स: (011)-23063418, 23062335; वेबसाइट: www.commerce.nic.in

प्रस्तावना

1.1 अर्थव्यवस्था में उदारीकरण तथा संरचनात्मक सुधारों के कारण निर्यात को आर्थिक उन्नति का एक इंजन समझा जाता है। निर्यात में हमारे परंपरागत भागीदारों सहित भारत के निष्पादन में गिरावट के चलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य निराशाजनक बना हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में हमें ऐसी कार्यनीतियों और नीतिगत उपायों को आगे बढ़ाना होगा जोकि अनेक विभिन्न क्षेत्रों में और साथ ही नए बाजारों में निर्यात की वृद्धि को प्रेरित करते हों।

1.2 2004-09 के दौरान विदेशी व्यापार में हमारी उल्लेखनीय उपलब्धियों के चलते विदेश व्यापार नीति, 2009-14 में दो उपलब्धियों की परिकल्पना की गई हैः पहली तो यह कि मार्च, 2011 तक 200 बिलियन अमरीकी डालर के वार्षिक निर्यात लक्ष्य सहित 15 प्रतिशत की वार्षिक निर्यात वृद्धि प्राप्त करके 2014 तक भारत के माल और सेवाओं का निर्यात दुगना किया जाए और बाकी के तीन वर्षों में अर्थात 2014 तक लगभग 25 प्रतिशत प्रतिवर्ष का उच्च निर्यात मार्ग प्राप्त किया जाए और दूसरे 2020 तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी दुगुनी की जाए।

इस संदर्भ में इसके बाद अनेक अध्ययन किए गए यथा "एसाइड योजना के अधीन निष्पादन का मध्यावधिक मूल्यांकन", "अगले तीन वर्षों (2011-12 से 2013-14) में निर्यात दुगुना करने के लिए कार्यनीतिः वाणिज्य विभाग, भारत सरकार", "2014 और 2020 तक भारत की आधारिक सुविधाओं की जरूरतेंः विदेश व्यापार लक्ष्यों के प्रकाश में", फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) द्वारा जून, 2011 में किया गया क्षेत्र-विशिष्ट अध्ययन आदि। उपर्युक्त अध्ययनों और उनके निष्कर्षों के प्रकाश में एसाइड मार्गनिर्देशों को तदनुसार उसके अनुरूप बना दिया गया है।

1.3 यद्यपि निर्यात के प्रोत्साहन और आवश्यक विशेषज्ञतापूर्ण आधारिक सुविधाओं के सृजन की जिम्मेदारी अधिकांशतः केन्द्रीय सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा हाथ में ली गई है, राज्य सरकारों/संघशासित प्रशासनों की भूमिका निर्यातयोग्य अधिशेष सामग्री, वैश्विक बाजार में उपलब्ध और उभरते अवसरों का लाभ उठाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। राज्य सरकारें/संघशासित प्रशासन भूमि, विद्युत, जल, मार्ग संयोज्यता, प्रदूषण नियंत्रण उपायों जैसी आधारिक सुविधाएं तथा वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए एक अनुकूल विनियामक वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं। अतः ऐसा महसूस किया जाता है कि निर्यात प्रोत्साहन के लिए आधारिक तंत्र के विकास के वास्ते केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों/संघशासित प्रशासनों के सहयोग से समन्वित प्रयास किए जाने जरूरी हैं। प्रस्तावित आधारिक तंत्र पहले मील (उत्पादन के बिंदु पर) तथा अंतिम मील (निकास के बिंदु पर) की क्षेत्र-विशिष्ट आधारिक जरूरतों को कवर करेगा जोकि राज्य योजना अथवा अन्य केन्द्रीय सरकार की एजेंसियों में परिलक्षित नहीं होती हैं।

2. उद्देश्य

इस स्कीम का उद्देश्य निर्यात के विकास और वृद्धि के लिए उपयुक्त आधारिक तंत्र के सृजन के वास्ते राज्य सरकारों/संघशासित प्रशासनों को सहायता प्रदान करके निर्यात प्रयासों में राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को शामिल करना है। इस तरह का सहयोजन परियोजनागत दृष्टिकोण पर आधारित होगा और औद्योगिक क्लस्टर में अधिकांशतः पहले मील और अंतिम मील प्रतिफल की रूपरेखा के भीतर राज्यों/संघशासित प्रशासनों द्वारा परियोजनाओं को उत्पादन के बिंदु पर और साथ ही निकास के बिंदु--दोनों के बीच महत्वपूर्ण संपर्क की ओर ध्यान देने के लिए परियोजनाओं को प्राथमिकता प्रदान की जानी होगी।

3. स्कीम

यह स्कीम निर्यात आधारिक तंत्र के विकास के लिए एक परिव्यय उपलब्ध कराएगी जोकि पूर्व-परिभाषित मानदंडों के अनुसार राज्यों/संघशासित प्रशासनों के बीच वितरित किया जाएगा।

पाद टिप्पणी के रूप में

निर्यात प्रोत्साहन औद्योगिक पार्क (ईपीआईपी), निर्यात प्रोसेसिंग क्षेत्र (ईपीजेड), महत्वपूर्ण आधारिक संतुलन (सीआईबी) तथा पूर्वोत्तर तथा सिक्किम के लिए (2000-2001 से कार्यान्वित की जा रही) निर्यात विकास निधि (ईडीएफ) योजनाओं का 2002-03 से एक नई स्कीम में विलयन कर दिया गया है। ईपीआईपी, ईपीजेड, सीआईबी तथा पूर्वोत्तर और सिक्किम के लिए ईडीएफ से संबंधित योजनाओं का नई स्कीम में विलयन कर दिए जाने के बाद योजनाओं के अधीन पहले से चली आ रही परियोजनाओं का वित्तपोषण नई स्कीम के अधीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रदत्त संसाधनों में से किया जा रहा है।

4. स्कीम के अनुमोदित प्रयोजन

4.1 निर्यात के लिए आधारिक तंत्र के विकास के प्रति लक्षित क्रियाकलापों का वित्तपोषण इस स्कीम से किया जा सकता है बशर्ते कि ऐसे क्रियाकलापों में भारी मात्रा में निर्यात सामग्री हो तथा निर्यात के साथ उनका संपर्क पूरी तरह प्रमाणित हो।

4.2 इस स्कीम का प्रयोग एकांततः ऐसे आधारिक तंत्र के सृजन के लिए किया जाएगा जोकि न तो राज्य/संघशासित क्षेत्र की योजना में न केन्द्रीय मंत्रालयों अथवा इसके संगठन (संगठनों) की योजनाओं में परिलक्षित होता हो, तथापि निर्यात की वृद्धि के लिए इस तरह का आधारिक तंत्र महत्वपूर्ण हो।

4.2.2 परियोजनाएं अनिवार्यतः पहले मील (उत्पादन के बिंदु पर) तथा अंतिम मील (निकास के बिंदु पर) प्रतिफल के अधीन कवर की जानी चाहिए।

5. निधियों का आबंटन

5.1 स्कीम के परिव्यय के दो घटक होंगेः राज्य घटक (कुल परिव्यय का 80%) तथा केन्द्रीय घटक (कुल व्यय का 20%)।

5.2 राज्य घटकः

एसाइड के राज्य घटक अर्थात एसाइड (राज्य घटक-सामान्य) के अधीन कुल परिव्यय का 90% अनुमोदित प्रयोजनों (पैरा 4) के लिए प्रयोग में लाए जाने के वास्ते पैरा 6 में यथानिर्दिष्ट अनुमोदित मानदंडों के आधार पर राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को आबंटित किया जाएगा।

एसाइड के राज्य घटक का बाकी 10% हिस्सा अर्थात (राज्य घटक-प्रोत्साहन ओएनईआर) वाणिज्य विभाग द्वारा प्रोत्साहन मार्गनिर्देशों (अनुलग्नक IX) के अनुसार ओएनईआर राज्यों/संघशासित क्षेत्रों (सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों से इतर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों) के बेहतर निष्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए आबंटित किया जाएगा।

5.3 केन्द्रीय सरकारः

एसाइड के केन्द्रीय घटक अर्थात एसाइड (केन्द्रीय घटक-सामान्य) के अधीन कुल परिव्यय का 90% हिस्सा केन्द्रीय एसईजेड, मसाला बोर्ड, चाय बोर्ड, जेम तथा आभूषण निर्यात प्रोत्साहन परिषदों, हवाई अड्डों, पत्तनों आदि जैसी अन्य क्षेत्र-विशिष्ट केन्द्रीय एजेंसियों से उभरने वाली परियोजनाओं तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा क्षेत्रीय अथवा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण समझे जाने वाले किसी अन्य क्रियाकलाप के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय स्तर पर आबंटित किया जाएगा।

एसाइड के केन्द्रीय घटक का बाकी 10% का हिस्सा अर्थात एसाइड (केन्द्रीय घटक-प्रोत्साहन एनईआर) वाणिज्य विभाग द्वारा प्रोत्साहन मार्गनिर्देशों (अनुलग्नक-IX) के अनुसार सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों के बेहतर निष्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए आबंटित किया जाएगा।

6. राज्य-वार आबंटन के लिए मानदंड

6.1 एसाइड (राज्य घटक-सामान्य)

एसाइड (राज्य घटक-सामान्य) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 50-50% के दो हिस्सों में आबंटित किया जाएगा। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच एसाइड (राज्य घटक-सामान्य) निधियों के आबंटन का मानदंड निम्नानुसार होगाः

मानदंड	भारिता
माल के कुल निर्यात में राज्य/संघशासित क्षेत्र का प्रतिशत निर्यात हिस्सा	**75%**
राज्य/संघशासित क्षेत्र की जनसंख्या (2011 की जनगणना के आधार पर)	**25%**
योग	**100%**

निम्न के अध्यधीनः

i. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आबंटन राज्य/संघशासित क्षेत्र के आकार को ध्यान में रख सकता है।

ii. प्रत्येक राज्य/संघशासित क्षेत्र के लिए एक निश्चित न्यूनतम आबंटन अवश्य किया जाना चाहिए जोकि पूर्ववर्ती वर्ष के आबंटन से कम नहीं होना चाहिए।

iii. किसी राज्य/संघशासित क्षेत्र को आबंटित की जाने वाली अधिकतम निधियों की एक ऊपरी सीमा होनी चाहिए--योजना के अधीन उपलब्ध कुल निधियों के 10 प्रतिशत की ऊपरी सीमा लागू की जा सकती है।

iv. किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए चालू वर्ष के वास्ते आबंटन में आकस्मिक वृद्धि (जोकि विलयन मुद्दे पैदा कर देगी) रोकने के लिए चालू वर्ष के लिए आबंटन पिछले वर्ष के आबंटन से 200% से अधिक नहीं होना चाहिए।

v. आबंटन केवल माल के निर्यात के डाटा पर आधारित होगा तथा सेवाओं के निर्यात को हिसाब में नहीं जोड़ा जाएगा।

6.2 योजना परिव्यय का कम से कम 10 प्रतिशत हिस्सा एनईआर और सिक्किम में खर्च के लिए आरक्षित रखा जाएगा। एनईआर तथा सिक्किम के लिए निर्यात विकास निधि (ईडीएफ) अर्थात ईडीएफ-एनईआर का वित्तपोषण आबंटित परिव्यय में से किया जाएगा और बाकी की राशि उपर्युक्त पैरा 6.1 में निर्धारित मानदंड के आधार पर सिक्किम सहित एनईआर राज्यों के बीच बांट दी जाएगी।

6.3 राज्यों/संघशासित क्षेत्र से निर्यात निष्पादन और निर्यात में वृद्धि का मूल्यांकन महानिदेशक वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी (डीजीसीआईएस) के कार्यालय से उपलब्ध जानकारी के आधार पर किया जाएगा। डीजीसीआईएस का कार्यालय निर्यातकर्ता द्वारा प्रस्तुत पोत परिवहन बिलों से निर्यात का राज्य-वार डाटा संकलित करेगा। पोत परिवहन बिल फार्म में एक ऐसा कालम होता है जिसमें निर्यातकर्ता उस राज्य/संघशासित क्षेत्र का नाम दर्ज करेगा जहां से निर्यात वस्तुओं का उद्गम हुआ है। एफटी (डी तथा आर) अधिनियम के अधीन 15.6.2001 से यह कालम भरना जरूरी कर दिया गया है। प्रत्येक राज्य/संघशासित क्षेत्र की सरकार पोत परिवहन बिलों में सही प्रविष्टियां करने के मामले में निर्यातकर्ताओं का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए नियतकालिक आधार पर उनके साथ वैचारिक आदान-प्रदान करेगी जिससे कि निर्यातित माल के उद्गम के राज्य की प्रविष्टि सही तरीके से की जाए। राज्य निर्यातकर्ताओं के बीच इस आशय की जानकारी का प्रसार करने के लिए व्यापार और उद्योग संघों के सहयोग से क्षेत्र स्तर पर उपयुक्त तंत्र स्थापित कर सकते हैं।

7. निधियां प्रदान करना

7.1 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को निधियां निर्धारित मानदंडों के आधार पर तैयार की गई हकदारियों की सीमा के अध्यधीन होगी। राज्य सरकार/संघशासित प्रशासन द्वारा नामित नोडल एजेंसी से पूर्व-रसीदी बिल प्राप्त होने पर, निधियां सीधे उसे संवितरित कर दी जाएंगी। बिल का प्रपत्र अनुलग्नक-III पर प्रस्तुत है। ऐसी निधियां एजेंसियों के लेखाओं में एक अलग शीर्ष में रखी जाएंगी। चालू वर्ष के लिए निधियां प्रदान करते हुए पिछले वर्ष/वर्षों में प्रदान की गई निधियों में से, उस तारीख को राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में अप्रयुक्त निधियां, यदि कोई होंगी तो, ध्यान में रखी जाएंगी लेकिन उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) की प्रस्तुति इस संबंध में जीएफआर प्रावधानों में यथानिर्धारित अवधि के बीत जाने के बाद ही बाध्यकारी होगी।

7.2 आबंटन का 50 प्रतिशत हिस्सा वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में प्रदान किया जाएगा। बाकी की रकम निधियों के प्रयोग तथा राज्य/संघशासित क्षेत्र द्वारा इस योजना के मार्गनिर्देशों के अनुपालन के आधार पर प्रदान की जाएगी। राज्यों को वर्ष के शुरू में पूरी रकम का प्रयोग करने के लिए परियोजनाएं हाथ में लेने की सलाह दी जाएगी। साथ ही उन्हें ऐसी परियोजनाएं पहले से अभिज्ञात करने की सलाह भी दी जाएगी।

8. परियोजनाओं का अनुमोदन और कार्यान्वयन

8.1 एसाइड (राज्य घटक-सामान्य) के अधीन परियोजनाओं की मंजूरी

राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति (एसएलईपीसी) होगी और उस समिति में राज्य स्तर पर संबंधित विभागों के सचिव तथा वाणिज्य विभाग (डीओसी) के राज्य सेल का एक प्रतिनिधि तथा उस राज्य/क्षेत्र में तैनात विदेश व्यापार के संयुक्त महानिदेशक और अनुलग्नक-IV के अनुसार राज्य में एसईजेड/ईपीजेड के विकास आयुक्त इस समिति के सदस्य होंगे। एसएलईपीसी योजना की छानबीन करेगी, प्राथमिकता निर्धारित करेगी और विशिष्ट परियोजनाएं मंजूर करेगी तथा स्कीम के कार्यान्वयन पर समग्र दृष्टि रखेगी।

8.1.1 निर्यातों/आयातों की जरूरतों के केन्द्रित अध्ययनों पर आधारित 500-600 परियोजनाओं की एक 'टोकरी' स्कीम की मूल सीमा का निर्माण करेगी। राज्य-वार परियोजना सूची मुख्यतः पैरा 1.2 में उल्लिखित अध्ययनों का परिणाम है। यह सूची परियोजनाओं की कोटि और आकार के लिए एक बेंचमार्क के रूप में काम करेगी। परियोजना का आकार ऐसा होना चाहिए कि सुनिश्चित आधारिक परियोजनाएं हाथ में ली जा सकें। इस प्रयोजन के लिए एसाइड का योगदान विशाल/मझोले राज्यों के मामले में कम से कम 10 करोड़ रुपए और छोटे/सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों के मामले में 5 करोड़ रुपए होगा। यदि राज्य परियोजनाओं की टोकरी की सूची से बाहर की परियोजनाएं हाथ में लेना चाहता है तो निर्यात के लिए परियोजना की प्रासंगिकता पता लगाने के वास्ते वाणिज्य विभाग की अनिवार्य सहमति ली जानी होगी। ऐसे मामले में जहां एसाइड का योगदान 50 प्रतिशत तक सीमित होगा, राज्य को परियोजना का सह-वित्तपोषण करना पड़ सकता है।

प्रत्येक राज्य/संघशासित क्षेत्र एसाइड (राज्य घटक-सामान्य) के अधीन अपने समग्र परिव्यय का 10 प्रतिशत हिस्सा संबंधित राज्य/संघशासित क्षेत्र द्वारा महत्वपूर्ण निर्यात आधारिक जरूरत के रूप में अभिज्ञात लघु/छोटी परियोजनाओं के लिए आबंटित कर सकता है। इस तरह की लघु/छोटी परियोजनाओं (विशाल/मझोले राज्यों के मामले में 10 करोड़ रुपए की ऊपरी सीमा तथा छोटे/सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 5 करोड़ रुपए की ऊपरी सीमा से कम) वाणिज्य विभाग की अनुमति अनिवार्य नहीं होगी और एसएलईपीसी प्रतिभूतियों के लिए सक्षम होगी और वह ऐसी लघु अथवा छोटी परियोजनाएं मंजूर करेगी।

8.1.2 प्रत्येक राज्य/संघशासित क्षेत्र अपने एक अधिकारी को निर्यात आयुक्त के रूप में नियुक्त/पदनामित करेगा जोकि एसएलईपीसी का संयोजक होगा और जिसके साथ वाणिज्य विभाग एसाइड से संबंधित मुद्दों के बारे में वैचारिक आदान-प्रदान करेगा। वह व्यापार और उद्योग, निर्यात प्रोत्साहन परिषदों (ईपीसी) तथा वाणिज्य

विभाग के साथ परामर्श से राज्य/संघशासित क्षेत्र के लिए उपलब्ध टोकरी के आधार पर पंचवर्षीय तथा वार्षिक निर्यात परियोजनाएं तैयार करेगा। साथ ही वह राज्य/संघशासित क्षेत्र के लिए उपलब्ध टोकरी के आधार पर अथवा उपर्युक्त पैरा 8.1.1 का पालन करते हुए उससे बाहर एसएलईपीसी के अनुमोदन के लिए ऐसी 5-10 परियोजनाओं का शेल्फ तैयार करेगा जिन्हें इस योजना के अधीन हाथ में लिए जाने का प्रस्ताव है। साथ ही वह राज्य/संघशासित क्षेत्र के निर्यातकर्ताओं के साथ एकल बिंदु इंटरफेस के रूप में भी काम करेगा।

8.1.3 एसएलईपीसी यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रस्ताव स्थान-विशिष्ट हैं तथा स्थान का चयन और परियोजनाओं का पारस्परिक प्राथमिकता निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए 12वीं पंचवर्षीय योजना तथा एक वर्ष के लिए तैयार की गई परियोजनाओं के शेल्फ को मंजूरी प्रदान करेगी। इस प्रयोजन के लिए एसएलईपीसी ऐसी परियोजनाओं की एक सूची तैयार करेगी जिनकी तरफ अगले दो-तीन वर्षों में निर्यात आधारिक-तंत्र विकसित करने के लिए केन्द्रित ध्यान दिया जाना है। इस तरह की परियोजनाओं की ऐसी सूची निर्यात प्रोत्साहन परिषदों (ईपीसी) तथा अन्य निर्यात प्रोत्साहन निकायों के परामर्श से तैयार की जा सकती है। एसएलईपीसी द्वारा परियोजनाओं की मंजूरी के बाद नोडल एजेंसी द्वारा परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी को निधियां संवितरित कर दी जाएंगी। राज्य सरकारों को परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी को नोडल एजेंसी द्वारा परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी को निधियों के संवितरण के लिए एक तंत्र स्थापित करने की सलाह दी गई है।

8.1.4 जहां तक संभव हो राज्यों को वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य सरकार की अन्य स्कीमों और परियोजनाओं के लिए प्रदत्त निधियों का लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया जाता है। अनुलग्नक-V में दिए गए मागनिर्देशों के अनुसार आधारतंत्रीय परियोजनाओं में निजी क्षेत्र को सहयोजित किया जा सकता है।

8.1.5 नई परियोजनाएं मंजूर करने से पहले एसएलईपीसी पहले से चली आ रही परियोजनाओं पर होने वाले संभावित खर्च के लिए निधियां आबंटित करेंगी। 12वीं पंचवर्षीय योजना के पहले वर्ष और दूसरे वर्ष में राज्य/संघशासित क्षेत्र के लिए उपलब्ध समग्र परिव्यय का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा 11वीं पंचवर्षीय योजना से पहले चली आ रही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रदान किया जाएगा। 11वीं पंचवर्षीय योजना की इस तरह की पहले से चली आ रही परियोजनाओं के लिए, इसके बाद एसाइड निधि से 12वीं योजना के दूसरे वर्ष के बाद आगे कोई सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। एसएलईपीसी यह सुनिश्चित करेगी कि अपवादात्मक मामलों को छोड़कर किसी भी नई परियोजना की परिपक्वता अवधि दो वर्ष से अधिक न हो।

8.2 एसाइड (राज्य घटक-प्रोत्साहन ओएनईआर) के अधीन परियोजनाओं की मंजूरी

वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) प्रोत्साहन मार्गनिर्देशों (अनुलग्नक-IX) के अनुसार पात्र राज्यों/संघशासित क्षेत्रों का निर्धारण करेगा। प्रोत्साहन के लिए राज्य/यूटी के चयन के संबंध में वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता के अधीन राज्य स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति (एसएलईपीसी) राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के बेहतर निष्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रस्ताव अग्रेषित करेगी। वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) परियोजना (परियोजनाओं) की छानबीन करेगा और उन्हें मंजूरी प्रदान करेगा।

8.3 एसाइड (केन्द्रीय घटक-सामान्य ओएनईआर) के अधीन परियोजनाओं की मंजूरी

एसाइड (केन्द्रीय घटक-सामान्य) के अधीन परिव्यय के लिए वाणिज्य सचिव की अध्यक्षता में वाणिज्य विभाग में एक अधिकारप्राप्त समिति (ईसी) होगी और इस समिति में पैरा 9 में यथानिर्धारित क्रियाविधि के अनुसार प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने और उन्हें मंजूरी प्रदान करने के लिए योजना आयोग तथा संबंधित मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यदि किसी परियोजना का विदेशी क्षेत्र के साथ कोई संबंध है तो विदेश कार्य मंत्रालय का एक प्रतिनिधि अधिकारप्राप्त समिति की बैठक में आमंत्रित किया जाएगा।

8.4 एसाइड (केन्द्रीय घटक-प्रोत्साहन सिक्किम सहित एनईआर) के अधीन परियोजनाओं की मंजूरी

वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) प्रोत्साहन मार्गनिर्देशों (अनुलग्नक-IX) के अनुसार पात्र राज्यों/संघशासित क्षेत्रों का निर्धारण करेगा। प्रोत्साहन के लिए राज्य/यूटी के चयन के संबंध में वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता के अधीन राज्य स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति (एसएलईपीसी) राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के बेहतर निष्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रस्ताव अग्रेषित करेगी। वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) परियोजना (परियोजनाओं) की छानबीन करेगा और उन्हें मंजूरी प्रदान करेगा।

8.5 वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) प्रोत्साहन मार्गनिर्देशों (अनुलग्नक-IX) के अनुसार पात्र राज्यों/संघशासित क्षेत्रों का निर्धारण करेगा। प्रोत्साहन के लिए राज्य/यूटी के चयन के संबंध में वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता के अधीन राज्य स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति (एसएलईपीसी) राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के बेहतर निष्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रस्ताव अग्रेषित करेगी। वाणिज्य विभाग, नई दिल्ली (डीओसी) परियोजना (परियोजनाओं) की छानबीन करेगा और उन्हें मंजूरी प्रदान करेगा।

8.6 केन्द्रीय घटक को भारत सरकार के वित्तीय नियमों के अधीन अधिकारों के प्रत्यायोजन के अनुसार मंजूरी प्रदान की जाएगी। एसाइड (राज्य घटक-सामान्य) को राज्य सरकार की कार्य-संचालन नियमावली के अनुसार राज्य सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की जाएगी।

8.7 इस स्कीम के अधीन किए गए भुगतान भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखा-परीक्षा और साथ ही भारत सरकार द्वारा उचित समझे जाने वाले अन्य साधनों के अध्यधीन होंगे। भारत सरकार योजना के अधीन स्वीकृत परियोजना के संबंध में भौतिक सत्यापन तथा समुचित समझी जाने वाली अन्य जांच कराएगी।

8.8 प्रत्येक परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी यह देखेगी कि जहां कहीं व्यवहार्य होगा आधारिक-तंत्र का इस्तेमाल करने वाले उसके निमित्त सेवा प्रभार का भुगतान करेंगे जिससे कि इस प्रकार तैयार किए गए आधारिक-तंत्र के प्रचालन और रखरखाव संबंधी खर्च की पूर्ति हो सके।

9. परियोजनाओं की मंजूरी के लिए मानदंड

9.1 एसाइड के अधीन सहायता के लिए परियोजनाओं पर विचार किए जाने के वास्ते सभी प्रकार के ऋणभार से मुक्त भूमि एक पूर्वापेक्षा है।

9.2 यह जरूरी है कि प्रस्तावों का निर्यात के साथ सीधा संबंध हो। प्रस्तावित निवेश उसी क्षेत्र में किसी मौजूदा संगठन के प्रयासों के दोहराव के रूप में नहीं होना चाहिए। यदि सहायता गैर-सरकारी एजेंसी को प्रदान की जा रही है तो परियोजना का वित्तपोषण आमतौर पर लागत की हिस्सेदारी के आधार पर होना चाहिए। तथापि, एसएलईपीसी/अधिकारप्राप्त समिति (ईसी) परियोजना के पूर्ण वित्तपोषण पर गुणदोष के आधार पर विचार कर सकती है।

10. पात्र एजेंसियां

10.1 स्कीम के अधीन स्वीकृत परियोजनाओं के लिए निधियां निम्न को मंजूर की जा सकती हैं:

i. केन्द्रीय/राज्य सरकारों के सरकारी क्षेत्र के उपक्रम

ii. केन्द्रीय/राज्य सरकारों की अन्य एजेंसियां

iii. निर्यात प्रोत्साहन परिषदें/पण्य बोर्ड

iv. भारत सरकार की निर्यात-आयात नीति के अधीन मान्यताप्राप्त शीर्षस्थ व्यापारिक निकाय तथा पैरा 8 के अधीन स्थापित अधिकारप्राप्त समिति द्वारा इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त अन्य शीर्षस्थ निकाय

v. निर्यात के प्रति समर्पित स्वतंत्र उत्पादन/सेवा यूनिट

11. प्रशासनिक व्यय

11.1 इस स्कीम के कार्यान्वयन से संबंधित सभी प्रशासनिक व्यय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा स्वयं अपने बजट में से वहन किए जाएंगे तथा इस तरह के खर्च की पूर्ति के लिए स्कीम निधियों के किसी अंश का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

12. परियोजना प्रस्तावों की प्रस्तुति/छानबीन

12.1 परियोजना प्रस्ताव व्यापक तथा परिशुद्ध होना चाहिए। परियोजना से संबंधित सभी पक्ष डाटा, सर्वेक्षण तथा भविष्य के लिए अनुमान आदि द्वारा समर्थित होने चाहिए।

12.2 परियोजना प्रस्ताव के साथ एक कार्यकारी सार, जिसमें निम्न तथ्य शामिल हों प्रस्तुत किया जाना जरूरी हैः

i. प्रस्तावक संगठन का नाम और पूरा पता

ii. कार्यान्वयन संगठन का नाम और पूरा पता

iii. कार्यान्वयन एजेंसी का स्तर (क्या वह सरकारी एजेंसी है अथवा व्यापारिक निकाय है अथवा स्वतंत्र निर्यातक आदि है)

iv. परियोजना की पूरी लागत

v. वित्तपोषण पद्धति

vi. क्या स्रोत/स्रोतों से वित्तपोषण संबंधी करार कर लिया गया है

vii. क्या परियोजना के लिए, यदि जरूरी हो तो, भूमि उपलब्ध है

viii. परियोजना के चरण तथा पूर्ति की तारीख

ix. कार्य का क्षेत्र (अपेक्षित सुविधाओं की कोटि)

x. परियोजना से प्रोद्भूत होने वाले मुख्य लाभ

12.3 एसाइड स्कीम के अधीन सहायता के लिए विचार किए जाने के वास्ते अनुमानित समग्र परियोजना कार्य लागत की सक्षम प्राधिकारी अर्थात राज्य सरकारों/संघशासित प्रशासन अथवा नगरपालिकाओं आदि जैसे स्थानीय निकायों अथवा अन्य सांविधिक निकायों आदि द्वारा दिल्ली दर-अनुसूची (डीएसआर) के अनुसार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के सक्षम प्राधिकारी के उस समय संबंधित राज्य/संघशासित क्षेत्र में मौजूदा दर-अनुसूचियों (एसओआर) के आधार पर विधीक्षा की जानी चाहिए। समग्र अनुमानित परियोजना कार्य लागत में ईटीपी (स्थापना, औजार तथा संयंत्र) प्रभार, मूल्यवृद्धि, आपातिक स्थितियां, वास्तविक व्यय के अध्यधीन परियोजना कार्य लागत के "निवल मूल्य" पर डीएसआर समायोजन आदि सहित अन्य प्रभारों का अधिक से अधिक 15 प्रतिशत हिस्सा कवर किया जाना चाहिए।

12.4 तकनीकी/वित्तीय विधीक्षा के बाद प्रस्ताव की राज्य सरकार/संघशासित प्रशासन के प्रधान सचिव/उद्योग सचिव द्वारा एसएलईपीसी को सिफारिश की जानी चाहिए। जहां तक केन्द्रीय घटक के अधीन परियोजनाओं का संबंध है संगठन के अध्यक्ष को स्पष्ट शब्दों में वाणिज्य विभाग (डीओसी), नई दिल्ली को परियोजना की अनुशंसा करनी होगी।

12.5 एसाइड के अधीन शामिल सहायता केवल पूंजीगत आधारिक-तंत्र के लिए है।

12.6 ऊपर निर्दिष्ट प्राचलों में से प्रत्येक से संबंधित विवरण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में शामिल किए जाने चाहिए। इस रिपोर्ट में उन्नति तथा निर्यात के लिए अन्य बातों के साथ-साथ विस्तृत लागत लाभ विश्लेषण,

परियोजना के प्रत्येक घटक के लागत के ब्यौरे, गुणवत्तात्मक तथा मात्रात्मक--दोनों अर्थों में परियोजनाओं से प्रोद्भूत होने वाले लाभ भी शामिल होने चाहिए।

13. मानीटरन और समीक्षा

13.1 प्रत्येक राज्य/संघशासित क्षेत्र/एजेंसी/केन्द्रीय एजेंसी अनुलग्नक-VI में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में वाणिज्य विभाग की वेबसाइट के माध्यम से एक तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट का प्रयोग प्रदान की गई निधियों के प्रयोग की प्रगति की समीक्षा करने और साथ ही मंत्रालय द्वारा और आगे निधियां प्रदान किए जाने के आधार के रूप में किया जाएगा। निधियों का वार्षिक उपयोग डिजिटल हस्ताक्षरों का प्रयोग करते हुए वेबसाइट के माध्यम से फार्म जीएफआर 19-ए (अनुलग्नक-VII) में प्रस्तुत किया जाएगा।

13.2 अधिकारप्राप्त समिति स्कीम की प्रगति की नियतकालिक समीक्षा करेगी तथा स्कीम के लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपाय करेगी।

13.3 परियोजना की समीक्षा/निरीक्षण के लिए और यह देखने के लिए कि निधियां स्कीम के अधीन वित्तीय वर्ष के भीतर खर्च कर ली गई हैं, केन्द्रीय सरकार द्वारा एक नोडल अधिकारी/एजेंसी की नियुक्ति की जाएगी।

14. मूल्यांकन

14.1 वर्ष के अंत में एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा पहले से चली आ रही सभी परियोजनाओं का एक वार्षिक मूल्यांकन किया जाएगा।

14.2 तीन वर्षों की समाप्ति के बाद स्कीम का मध्यावधिक मूल्यांकन किया जा सकता है। आशा है कि इस स्कीम के कार्यान्वयन के लिए राज्य/संघशासित क्षेत्र निर्यात के लिए बेहतर आधारिक-तंत्र के संचयी प्रभाव और साथ ही रोजगार तथा समग्र समृद्धि पर उनकी अर्थव्यवस्था में संवर्द्धित निर्यात के प्रभाव से लाभान्वित होंगे। इस तरह का मूल्यांकन स्कीम में मध्यावधिक संशोधन करने के लिए भी, यदि कोई हों तो एक आधार होगा।

अनुलग्नक-I

साझा बहिःस्राव उपचार सुविधाओं के लिए मार्गनिर्देश

i. केन्द्रीय बहिःस्राव उपचार संयंत्र (सीईटीपी) के निर्माण की लागत का 50 प्रतिशत तक का हिस्सा इस स्कीम के *राज्य तथा केन्द्रीय घटक के अधीन सहायता के रूप में प्रदान किया जाएगा और बाकी का 50 प्रतिशत हिस्सा संबंधित राज्य सरकार/संगठन अथवा वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किया जाएगा।*

ii. सीईटीपी द्वारा उत्सर्जित बहिःस्राव संबंधित *राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी)* द्वारा यथानिर्धारित राज्य प्रदूषण बोर्ड मानदंडों के अनुसार होना चाहिए और उसके लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहमति होनी चाहिए।

iii. सीईटीपी के निर्माण के लिए तकनीकी प्राचल राज्य सरकार तथा पर्यावरण मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए मार्गनिर्देशों के अनुसार होने चाहिए।

अनुलग्नक-II

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए निर्यात विकास निधि (ईडीएफ-एनईआर) के वास्ते मार्गनिर्देश

1. निधि

1.1 ईडीएफ के लिए अंशदान वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा किसी भी अन्य बजटीय अथवा सरकार द्वारा यथाअभिज्ञात गैर-बजटीय स्रोत में से प्रदान किया जा सकता है।

1.2 इस अंशदान की व्यवस्था वाणिज्य विभाग के अनुदेशों के अधीन कृषि तथा प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा की जाएगी।

2. उद्देश्य

2.1 इस निधि का उद्देश्य देश के सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) से निर्यात के प्रोत्साहन के लिए विशिष्ट क्रियाकलापों को सहायता प्रदान करना है। ऐसे सभी क्रियाकलाप जिनका इस क्षेत्र से निर्यात के साथ कोई संबंध है और जो निर्यात की सहायता के लिए तैयार किए गए हैं, निधि से सहायता के लिए पात्र होंगे।

3. कार्यक्षेत्र

3.1 निम्न क्रियाकलाप निधि से सहायता के लिए पात्र होंगेः

(i) निर्यातों के प्रति लक्षित शीर्षस्थ/मार्गदर्शी परियोजनाएं स्थापित करना

(ii) निर्यातों के प्रति लक्षित शीर्षस्थ/मार्गदर्शी परियोजनाओं के लिए उपकरणों और मशीनरी का प्रावधान

(iii) निर्यातों को सुविधापूर्ण बनाने के लिए साझा सुविधाओं का सृजन

(iv) निर्यात उत्पादों के परीक्षण और मानकीकरण और साथ ही गुणवत्तात्मक सुधार के लिए सुविधा

(v) व्यापारिक दायित्वों के आदान-प्रदान संबंधी वित्तपोषण

(vi) वाणिज्य विभाग द्वारा अधिसूचित कोई ऐसा अन्य क्रियाकलाप जिसका पूर्वोत्तर क्षेत्र में निर्यात प्रोत्साहन के साथ कोई संबंध है जिसमें ये शामिल हैंः परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना, सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र से निर्यात के प्रोत्साहन के प्रति लक्षित संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रम/प्रतिपादन।

4. पात्र एजेंसियां

4.1 स्कीम के अधीन निधियां निम्न को प्रदान की जा सकती हैंः

(i) केन्द्रीय/राज्य सरकारें

(ii) केन्द्रीय/राज्य सरकार के सरकारी क्षेत्र के उपक्रम

(iii) केन्द्रीय/राज्य सरकारों की अन्य एजेंसियां

(iv) निर्यात प्रोत्साहन परिषदें/पण्य बोर्ड

(v) भारत सरकार की निर्यात-आयात नीति के अधीन मान्यताप्राप्त शीर्षस्थ व्यापारिक निकाय तथा पैरा 6 के अधीन स्थापित अधिकारप्राप्त समिति द्वारा इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त अन्य शीर्षस्थ निकाय

(vi) निर्यात के प्रति समर्पित स्वतंत्र उत्पादन/सेवा यूनिट

5. मंजूरी के लिए मानदंड

5.1 ईडीएफ स्कीम का उद्देश्य मूल्यवर्द्धित प्रसंस्करण उद्योग को बाजार संपर्क के साथ प्रोत्साहित करना है तथा इसका उद्देश्य कृषि उत्पादन के प्रोत्साहन तक सीमित नहीं है। यह जरूरी है कि प्रस्ताव इस क्षेत्र के निर्यात के साथ सीधा संबंध परिलक्षित करता हो और पूर्वोत्तर क्षेत्र से निर्यात की सहायता के लिए वांछनीय हो।

6. छानबीन, मंजूरी और मानीटरन

6.1 एक अधिकारप्राप्त समिति [ईसी(ईडीएफ-एनईआर)] होगी जोकि प्रस्तावों पर विचार करेगी और उन्हें मंजूरी प्रदान करेगी। यह समिति स्वीकृत प्रस्तावों के कार्यान्वयन का मानीटरन भी करेगी। मानीटरन तंत्र का पूर्वोत्तर क्षेत्र में अन्य एजेंसियों जैसेकि पूर्वोत्तर क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड (एनईआरएएमएसी), पूर्वोत्तर औद्योगिक तथा तकनीकी परामर्शी संगठन (एनईआईटीसीओ), पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड (एनईडीएफआई) आदि जैसी अन्य एजेंसियों को सहयोजित करके सुदृढ़ीकरण किया गया है। ईसी, ईडीएफ-एनईआर मंजूरी के समय ही प्रत्येक परियोजना के लिए मानीटरन एजेंसी विनिर्दिष्ट करेगी। मानीटरन एजेंसी निर्धारित प्रपत्र (अनुलग्नक-ए) में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

6.2 निर्यात आयुक्त (ईएक्ससी) परियोजना कार्यान्वयन की प्रगति की जांच करेगा और स्थानीय अधिकारियों आदि से जानकारी प्राप्त करके उनकी स्थिति के बारे में नियतकालिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। निर्यात आयुक्त परियोजनाओं के वास्तविक निरीक्षण के आधार पर प्रत्येक परियोजना की भौतिक और वित्तीय प्रगति प्रमाणित करेगा।

6.3 ईडीएफ "प्रगति के आधार पर निधि प्रदान करना" तंत्र वित्तपोषण परियोजना कार्यान्वयन में हुई प्रगति के साथ जोड़ा जाएगा।

6.4 पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए निर्यात विकास निधि की अधिकारप्राप्त समिति [ईसी(ईडीएफ-एनईआर)] की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग में अपर सचिव (राज्य सेल) करेंगे और उसमें निम्न व्यक्ति सदस्यों के रूप में शामिल होंगेः

(i) वाणिज्य विभाग के अपर सचिव तथा वित्तीय सलाहकार अथवा उनके प्रतिनिधि

(ii) सलाहकार (पीए) तथा एमडी, योजना आयोग अथवा उसके प्रतिनिधि

(iii) संयुक्त सचिव (पूर्वोत्तर), गृह मंत्रालय, भारत सरकार

(iv) संयुक्त सचिव, राज्य सेल, वाणिज्य विभाग

(v) संयुक्त सचिव, पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय (डीओएनईआर)

(vi) पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के प्रतिनिधि

(vii) निदेशक/उप-सचिव, राज्य सेल, वाणिज्य विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे

एपीडा के अध्यक्ष ईसी, ईडीएफ-एनईआर की बैठकों में स्थायी रूप से आमंत्रित होंगे।

ईडीएफ-एनईआर की अधिकारप्राप्त समिति की बैठक नई दिल्ली में अथवा यथाव्यवहार्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के किसी राज्य की राजधानी में हर तिमाही में आयोजित की जाएगी।

6.5 प्रस्तावों को प्रस्तुत/प्रायोजित करने वाले संगठनों के प्रतिनिधि को अधिकारप्राप्त समिति की बैठक में आमंत्रित किया जाएगा।

6.6 अनुमोदित परियोजनाओं/कार्यों के लिए निधियों की मंजूरी मानक क्रियाविधि के रूप में वाणिज्य सचिव की अध्यक्षता में स्थायी वित्त समिति से प्राप्त की जाएगी।

6.7 वाणिज्य विभाग का इंफ्रा-II अनुभाग/पूर्वोत्तर सेल समिति से संबंधित कार्य का समन्वय करेगा और स्वीकृत निधियां प्रदान किए जाने के लिए एपीडा के साथ संपर्क बनाएगा।

6.8 इस स्कीम के अधीन किए गए भुगतान भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखा-परीक्षा और साथ ही भारत सरकार द्वारा उचित समझे जाने वाले अन्य साधनों के अध्यधीन होंगे। भारत सरकार योजना के अधीन स्वीकृत परियोजना के संबंध में भौतिक सत्यापन तथा समुचित समझी जाने वाली अन्य जांच कराएगी।

7. परियोजनाओं/प्रस्तावों की प्रस्तुति

7.1 प्रार्थी द्वारा परियोजना प्रस्ताव की चार प्रतियां सरलीकृत स्क्रीनिंग प्रपत्र (अनुलग्नक-बी) में संबंधित राज्य के निर्यात आयुक्त (ईएक्ससी) को प्रस्तुत की जाएंगी। यह जरूरी है कि सभी प्रस्ताव संबंधित राज्यों के निर्यात आयुक्तों के माध्यम से भेजे जाएं और ईडीएफ वित्तपोषण की जरूरत और प्रासंगिकता का स्पष्टतः उल्लेख करते हुए एपीडा को उनकी सिफारिशों के बाद ही, एपीडा द्वारा आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

7.2 प्रस्ताव व्यापक होगा। परियोजनाओं से संबंधित सभी पक्ष डाटा, सर्वेक्षणों आदि द्वारा समर्थित होने चाहिए।

7.3 परियोजना प्रस्ताव के साथ एक कार्यकारी सार, जिसमें निम्न तथ्य शामिल हों प्रस्तुत किया जाना जरूरी है

i. प्रस्तावक संगठन का नाम और पूरा पता
ii. कार्यान्वयन संगठन का नाम और पूरा पता
iii. कार्यान्वयन एजेंसी का स्तर (क्या वह सरकारी एजेंसी है अथवा व्यापारिक निकाय है अथवा स्वतंत्र निर्यातक आदि है)
iv. परियोजना की पूरी लागत
v. वित्तपोषण पद्धति
vi. क्या स्रोत/स्रोतों से वित्तपोषण संबंधी करार कर लिया गया है
vii. क्या परियोजना के लिए, यदि जरूरी हो तो, भूमि उपलब्ध है
viii. परियोजना के चरण तथा पूर्ति की तारीख
ix. कार्य का क्षेत्र (अपेक्षित सुविधाओं की कोटि)
x. परियोजना से प्रोद्भूत होने वाले मुख्य लाभ

7.4 इस स्कीम के अधीन अनुदान के लिए प्रस्तुत परियोजनाओं को निम्न स्थूल प्राचलों की पूर्ति अवश्य करनी चाहिएः

(i) राज्य सरकार द्वारा हाथ में ली जाने वाली परियोजना दीर्घकालीन, संधारणीय और आश्वस्त लाभों से युक्त होनी चाहिए।
